8. विशेषण

संज्ञा तथा सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। विशेषता गुण-दोष, स्वाद, रंग, आकार, माप-तौल, संख्या आदि के बारे में बताती है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को बताएँ, किसी शब्द की विशेष बात बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।
- ❖ बच्चों से बातचीत करते हुए पूछें, उनके पास कितनी पेंसिल या पेन हैं अथवा उनकी स्कूल ड्रेस का क्या रंग है। बच्चों द्वार चार पेंसिल अथवा नीली ड्रेस उत्तर मिलने पर बताएँ– चार (संख्या) नीली (रंग) शब्द विशेषण हैं।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए वाक्यों को पढ़वाएँ। फिर रंगीन शब्दों की ओर ध्यान दिलाते हुए बताएँ कि ये सब विशेषण शब्द हैं। इनसे किसी न किसी की विशेषता पता चल रही है।
- ❖ विशेषण वाले शब्द पढ़वाएँ।
- ❖ बताएँ, विशेषण जिनकी विशेषता बताते हैं वे विशेष्य कहलाते हैं।
- ❖ विशेषण-विशेष्य शब्द पढ़वाएँ।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान दें।
- ❖ अभ्यास करवाने में यथोचित सहयोग दें।
- ❖ सुनिश्चित करें कि बच्चे विशेषण समझ गए हैं।